Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 20-03-2007

Participants : Pateriya Smt. Neeta

an>

Title: Need to include Seoni district in Madhya Pradesh under Special Economic Zone.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : महोदय, मध्य प्रदेश में 13 जिलों को एस0ई0जेड में शामिल करने का निश्चय किया गया है, जिसमें जिला सिवनी शामिल नहीं है, जबकि जिला सिवनी एस0ई0जेड में शामिल किये जाने के अनुकूल है। जिले में बड़ी मात्रा में अनुपजाऊ जमीन बिना उपयोग के खाली पड़ी हुई है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। वर्तमान में जिला सिवनी में फोर लेन का कार्य चल रहा है साथ ही पॉवरग्रिड भी स्थापित है।

जबलपुर एवं नागपुर के मध्य तथा नेशनल हाईवे पर सिवनी बसा हुआ है। जनहित में सिवनी को एस0ई0जेड में शामिल करना आवश्यक है, ताकि खाली पड़ी अनुपजाऊ भूमि का उपयोग हो सके तथा इससे क्षेत्र का विकास होगा।